सहारा तुझे श्याम देगा

जब तेरे दिन कुछ ठीक ना होंगे
अपने भी नज़दीक ना होंगे
जब करेगा ना कोई तुझे याद
सहारा तुझे श्याम देगा
सच्चे दिल से लगाले फरियाद
सहारा तुझे श्याम देगा
जाएगी ना अरज़ बर्बाद
सहारा तुझे श्याम देगा

हाथ प्रभु का तेरे सर पर आंच ना आएगी तेरे घर पर
पूरी होगी तेरे भी मुराद सहारा तुझे श्याम देगा

करते हैं जो श्याम की भक्ति उनको मुसीबत छू नहीं सकती
तेरा जीवन करेगा आबाद सहारा तुझे श्याम देगा

श्याम के रहते क्यों डरता है माधव क्यों तू फिकर करता है
श्याम प्यारे की तू है औलाद सहारा तुझे श्याम देगा

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12699/title/sahara-tujhe-shyam-dega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |